आयुक्तालय,कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर

क्रमांक एफ–23(10)/लेखा/आकाशि/स्कूटी क्रय/2021–22 & 2022–23/ई 8780/9246 दिनांकः– 25/01/2024

प्राचार्य/जिला नोडल अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः– कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना वर्ष 2021–22 एवं वर्ष 2022–23 की ई–रूपी वाउचर के माध्यम से वितरित की जाने वाली स्कूटियों के भण्डारण के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना वर्ष 2021–22 एवं वर्ष 2022–23 की वितरित की जाने वाली स्कूटियों का क्रय आदेश M/S TVS Motor Company Limited को इस विभाग के पत्रांक एफ 23(10) लेखा/आकाशि/स्कूटी क्रय/पत्र दिनांक 26.05.2023, 26.07.2023 एवं 28.08.2023 द्वारा दिया गया था। उक्त फर्म द्वारा ई–रूपी वाउचर के माध्यम से लाभार्थियों को स्कूटी वितरित की जानी है। अनुमोदित फर्म द्वारा उक्त अवधि की लाभार्थियों के नाम पंजीकृत वाहनों को जिला नोडल महाविद्यालयों के माध्यम/सहयोग से लाभान्वित किया जाना है। वर्ष 2021–22 एवं वर्ष 2022–23 में स्कूटियों की संख्या अधिक होने के कारण भण्डारण करने में आ रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जिला नोडल महाविद्यालयों एवं अधीनस्थ राजकीय महाविद्यालयों में सुरक्षा एंव निगरानी सुनिश्चित करते हुए भण्डारण की व्यवस्था करावें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करावें।

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा राज.जयपुर

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. समस्त प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय राजस्थान को लेख है कि जिला नोडल महाविद्यालय को आवश्यकतानुसार स्कूटियों के भण्डारण में सहयोग प्रदान करावें।
2. M/S TVS Motor Company Limited Chaitanya, No. 12 Khader Nawaz Khan Road Nungambakkam Chennai, 600006 Tamilnadu.
3. प्रभारी वेबसाइट को अपलोड हेतु।

RajKaj Ref
5386919

Signature valid
Digitally signed by Pukhraj Sen
Designation: Commissioner
Date: 2024.01.25 09:57:26 IST
Reason: Approved